हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 11 सितंबर, 2025


तापमान

अधिकतम 37.1 डिग्री

न्यूनतम 23.8 डिग्री


10 प्राकृतिक खेती के जरिए मिलेंगे रोजगार के अवसर





10 अंबाला में कांग्रेस ने 17 वार्डों में प्रधान किए नियुक्त




## खबर संक्षेप

### 53 किलो चूरापोस्त सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर के नजदीक गांव पतरेहड़ी हाइवे से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी सुरिंद्र सिंह को 53 किलो 480 ग्राम चूरापोस्त व गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-नारायणगढ़ के उप निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी वजह से नाकाबंदी कर उसे काबू किया गया।

### नशा तस्करी में दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने कार सवार दो नशा तस्करों नीशू उर्फ निशांत पुत्र फूल सिंह निवासी फिराजपुर बांगर सोनीपत हाल निवासी झाड़ौदा कला दिल्ली व शिवम पुत्र धीरज निवासी शादीपुर अलीगढ, उत्तर प्रदेश को 700 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों को जीटी रोड हुडा सेक्टर 18 मोड़ पर नाकाबंदी कर पकडा है। पुलिस ने आरोपियों के गैंग को पकड़ने के लिए उन्हें कोर्ट में पेश कर सात दिन के रिमांड पर लिया है।

### लूटपाट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सिविल अस्पताल के बाहर विद्यानंद कॉलोनी निवासी हासिफ से लूटपाट व चोट मारने के मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी मनमोहन नगर निवासी कामिल को सीआईए वन पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि इस केस में थाना शहर में विद्यानंद कॉलोनी निवासी हासिफ पुत्र इलियास की शिकायत पर कस दर्ज है।

### संदिग्ध अवस्था में मृत मिला कैंटर ड्राइवर

**समालखा।** समालखा की मंडी में उत्तर प्रदेश से आलू लेकर पहुंचे 38 वर्षीय कैंटर ड्राइवर कर्मवीर निवासी गांव शहरमालपुर जिला पानीपत की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस की जांच में पता चला कि कैंटर में लदे आलू को मजदूर उतारने लगे थे। वहीं कर्मवीर कैंटर में ही सो रहा था। सुबह नौ बजे तक जब कर्मवीर नहीं उठा तो पल्लेदार उसे जलाने लगा, तो कर्मवीर मृत मिला। वहीं, पुलिस ने कर्मवीर की मौत के सही कारण जानने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया है। इधर, पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 50000 की धोखाधड़ी

**कैथल।** सीवन पुलिस ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 50000 की धोखाधड़ी करने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गोघ के बलबीर सिंह ने बताया कि 4 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसका क्रेडिट कार्ड का नंबर व ओटीपी पूछते हुए उसके साथ 50000 की धोखाधडी की।

## मुख्यमंत्री ने पंजाब के लिए राहत सामग्री के 20 ट्रकों को किया रवाना

# बाढ़ से प्रभावित पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल को पहुंचाई आर्थिक मदद : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित पंजाब, हिमाचल और जम्मू कश्मीर को हरियाणा प्रदेश की तरफ से तुरंत 5-5 करोड़ रुपए की सहायता राशि भेजी जा चुकी है।

केंद्र सरकार की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिवस पंजाब व हिमाचल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और दोनों प्रदेशों में हुए नुकसान के लिए 3100 करोड़ रुपए की मदद की भी घोषणा की, जिसमें पंजाब को 1600 करोड़ रुपये और हिमाचल को 1500 करोड़ रुपए शामिल हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को कुरुक्षेत्र के पिपली अनाज मंडी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र जिला से पंजाब के लिए राहत सामग्री के 20 ट्रकों को हरी झंडी दिखा रवाना किया। इन ट्रकों को अलग-अलग जिलों के लिए भेजा गया है। ट्रकों में दाल, चावल, पानी, रस, आचार, मेडिकल किट, मच्छरदानी, तिरपाल, पशुओं के लिए हरा चारा, चौकर सहित अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री शामिल है। उन्होंने कहा कि पंजाब, हिमाचल, जम्मू कश्मीर के लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इन बाढ़ प्रभावित इलाकों में हरियाणा के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, समितियों के सहयोग से राहत सामग्री भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में जो भी क्षेत्र जलभराव से प्रभावित हैं, ऐसे क्षेत्रों के नागरिकों व किसानों को सरकार मुआवजा देने का काम कर रही है। ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला हुआ है, प्रभावित नागरिक इस पोर्टल पर अपना आवेदन करें।

- प्रधानमंत्री ने पंजाब और हिमाचल का दौरा कर जारी की 3100 करोड़ रुपये की मदद





कुरुक्षेत्र। हरी झंडी दिखाकर राहत सामग्री के ट्रकों को रवाना करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

उन्होंने बताया कि अब तक जलभराव से प्रभावित 5786 गांवों के 3 लाख 24 हजार 583 किसानों ने 19 लाख 22 हजार 617 एकड़ के खराबे का पंजीकरण करवाया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण मृत्यु होने पर उस परिवार को तुरंत 4 लाख रुपए की राशि सहायता के तौर पर दी जा रही है। इसके अलावा किसी भी प्रकार की हानि होने पर मुआवजा निर्धारित किया गया है। पिछले साढ़े 10 सालों में किसानों को फसलों के खराबे का 15500 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है। उन्होंने प्रदेश सरकार के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपनी इच्छा अनुसार हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष में मदद करें। मुख्यमंत्री ने देश के नव निर्वाचित उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### विपदा के समय विदेश दौरे पर जाते हैं राहुल

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि इतिहास गवाह है जब भी देश में कोई विपदा या आपदा आई है तब राहुल गांधी विदेश दौरे पर चले जाते हैं। इस समय भी ऐसी ही स्थिति है। देश के पंजाब, हिमाचल और जम्मू कश्मीर में बाढ़ आई हुई है और राहुल गांधी विदेश में बैठे हैं, उन्होंने कहा कि मेरा भी विदेश का दौरा था, लेकिन इस स्थिति को देखते हुए विदेश के दौरे को रद्द कर दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक सवाल के जवाब में कहा आज पंजाब के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि पंजाब में पैसे की कमी नहीं है, हमें किसी से पैसे मांगने की जरूरत नहीं। पंजाब हरियाणा का पड़ोसी राज्य है, हमारा दायित्व और कर्तव्य बनता है कि इस विपदा के समय में हम पंजाब के लोगों की मदद करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले साढ़े 10 वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 7 लाख 47 हजार परिवारों को मकान बनाने के लिए 2,314 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई। इसी तरह डॉ. भीमराव अंबेडकर नवीनीकरण योजना के तहत मकान की मरम्मत के लिए 76,985 परिवारों की कच्ची छत को पक्का करने के लिए 416 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 80,000 रुपए दिए गए हैं।*

# खुदकुशी मामले में पिता-पुत्र पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- युवती ने बाड़ी माजरा स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री के क्वार्टर में फांसी लेकर की थी खुदकुशी
- पिता-पुत्र पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

शहर के बाड़ी माजरा स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में करीब एक माह पहले युवती द्वारा फंदा लगाकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला मृतका की बहन की शिकायत पर दर्ज किया है। उस समय मृतका के परिजनों ने मानसिक परेशानी के चलते आत्महत्या की बात कहते हुए पुलिस कार्रवाई करने से मना कर दिया था।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के एक गांव निवासी युवती ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बहन उसके पास बाड़ी माजरा स्थित प्लाइवुड फैक्ट्री में रहती थी। वह दोनों फैक्ट्री में काम करते थे। कुछ समय पहले वह अपने घर उत्तर प्रदेश वापस चली गई थी। मगर उसकी बहन यहीं पर रूक गई थी। गत 11 अगस्त को उसकी बहन ने फैक्ट्री में बने क्वार्टर को अंदर से बंद कर फांसी लेकर खुदकुशी कर ली थी। फैक्ट्री के मुंशी ने क्वार्टर का दरवाजा तोड़कर उसकी बहन को फंदे से नीचे उतारा और उसे अस्पताल लेकर गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। उसने बताया कि इसके बाद वह गांव से वापस लौटी। जांच के दौरान उसे पता चला कि उत्तर प्रदेश के थाना करमुदीनपुर के गांव पंडराव निवासी मंटू राजभर उसकी बहन को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। बाद में आरोपी व उसके पिता संजय राजभर ने उसकी शादी करने से मना कर दिया। जिससे उसकी बहन परेशान रहने लगी। जिस कारण उसने फैक्ट्री के बने क्वार्टर में फांसी लेकर खुदकुशी कर ली थी। उसने आरोप लगाया कि दोनों आरोपियों ने उसकी बहन को खुदकुशी के लिए मजबूर किया था। जिस कारण उसने आत्महत्या की। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नाका खोलने को लेकर भिड़े दो पक्ष, पिता-पुत्र पर कस्सी से हमला

**साहा।** यहां के सैनी डेरा के निकट खेतों में पानी का नाका खोलने का विरोध करने पर पिता-पुत्र पर पड़ोसियों ने कस्सी व हाथ में डाले कड़े से हमला कर दिया।

साहा थाना पुलिस ने हमलावर गुरजीत सिंह, राजविंद्र सिंह व सुखविंद्र सिंह पर मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। साहा पुलिस को दी शिकायत में सैनी डेरा के रहने वाले हरविंद्र सिंह ने बताया कि पड़ोसी उनके खेत में पानी का नाका खोल रहे थे। वह मौके पर पहुंचा तो हमला कर दिया। बेटा गुरदीप सिंह सहायता के लिए पहुंचा तो आरोपियों ने कस्सी व कंडे से सिर पर कई वार किए। हमलावरों में गुरजीत सिंह, राजविंद्र सिंह व सुखविंद्र सिंह ने मिलकर दोनों पर हमला किया।

## नामांकन प्रक्रिया अंतिम दौर में

# कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी विज्ञान आधारित विचार प्रस्तुत कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत द्वारा देशभर के स्कूली विद्यार्थियों के लिए इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना 2025-26 के नामांकन प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इस योजना के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी अपने मौलिक, नवीन और विज्ञान-आधारित विचार प्रस्तुत कर सकते हैं।

नामांकन को गति देने के दृष्टिगत जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उन विद्यालयों के मुखियाओं को आमंत्रित किया गया जिन्होंने अभी तक भी इंस्पायर मानक पोर्टल पर नामांकन अपलोड नहीं किए। विनोद कौशिक ने सभी विद्यालय मुखियाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवोन्मेषी सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में समाज और देश की तकनीकी प्रगति में योगदान दे सकें। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि इस योजना का लाभ सरकारी और निजी स्कूलों के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी उठा सकते हैं। प्रत्येक स्कूल अधिकतम 5 आइडिया भेज सकता है, जिनमें कक्षा 11 और 12 (विज्ञान संकाय) के अधिकतम 2 आइडिया शामिल हो सकते हैं। विचार मौलिक, व्यावहारिक, समाजोपयोगी और पर्यावरण के अनुकूल होने चाहिए। उन्होंने सभी उपस्थित विद्यालय मुखियाओं को इंस्पायर मानक अवार्ड योजना के बारे में अवगत करवाया। चयनित विद्यार्थियों को सरकार की ओर से 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।



# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- पुराना सहारनपुर रोड पर बहरामपुर चौक के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पुराना सहारनपुर रोड पर बहरामपुर चौक के पास तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव तेजली निवासी प्रदीप कुमार ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भांजा उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव जलालपुर निवासी 34 वर्षीय राजीव कुमार उर्फ काला बाइक पर उनके घर आया था। शाम को जब वह वापस लौट रहा था तो पुराना सहारनपुर रोड पर बहरामपुर चौक के पास तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजीव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। घायल राजीव को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### नशीला पदार्थ रखने के दोषी को 5 साल की कैद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी सुभाष वासी फतेहपुर जिला कैथल को 5 साल कारावास व 20 हजार रुपए जुर्मानें की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी ने बताया कि 20 जुलाई 2020 को एंटी नारकोटिक्स सैल के सहायक उप निरीक्षक रणधीर सिंह की टीम कैंचिया चौंक ढांड रोड पेहवा के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ढांड रोड पेहवा पर नाकबंदी करके सुभाष वासी फतेहपुर जिला कैथल को कैंटर सहित काबू किया था। आरोपी व उनकी कार की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 30 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।

## वाहनों समेत चोर किया गिरफ्तार

# वाहन चोरी की दस वारदातें सुलझी

- चंडीगढ़ समेत कई जगह से चोरी की थी नौ बाइक, एक एक्टिवा भी जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने चोरी के दस वाहनों के साथ एक युवक को काबू किया है। आरोपी ने सिलसिलेवार तरीके से इन वाहनों को चोरी किया था। एक साथ ही पुलिस ने चोरी की दस वारदातों को सुलझा दिया है। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

एवीटी सैल के इंचार्ज निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 9 सितंबर 2025 को लालरु के रविदास मोहल्ला के रहने वाले आरोपी गुरविंद्र सिंह उर्फ भाई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी से गहनता से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी से 1 एक्टिवा व 9 मोटरसाइकिलें जब्त की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने यह वाहन अंबाला छावनी, महेशनगर, मुलाना अंबाला सदर, अंबाला शहर, चंडीगढ़ व पंजाब से चोरी करके खन्ना फार्म अंबाला-चंडीगढ़ रोड के पास खंडहर मकान में छिपा रखे थे। मामले की गहनता से जांच करने के लिए आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया था।

आरोपी ने बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी भी संलिप्त है। उसे भी जल्द ही काबू कर लिया जाएगा। दरअसल अंबाला शहर के काजीवाड़ा के रहने वाले गुरप्रीत सिंह ने 27 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी आरोपी ने काजीवाड़ा से उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान ही पुलिस ने आरोपी गुरविंद्र सिंह को काबू किया। पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लिया गया। अब उसे जेल भेज दिया गया है।



अंबाला। चोरी के वाहनों के साथ आरोपी गुरविंद्र सिंह व जांच टीम।

## तेजेंद्र सिंह चौहान कर रहे 215 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण

# दशहरे पर बराड़ा का रावण बनेगा राजस्थान की शान

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

- 1986 में शौक शुरू हुआ, बन गया जुनून

कभी कस्बे की शान कहा जाने वाला रावण का पुतला इस दशहरे पर राजस्थान की शान बनेगा। राजस्थान के कोटा में बनाए जा रहे इस 215 फीट के रावण के पुतले का निर्माण करने में 51 लाख रूपये खर्च होंगे। इस पुतले को क़स्बे के रहने वाले तेजेंद्र सिंह चौहान अपने कारीगरों के साथ बनाने में जुटे हैं।

चौहान का नाम सबसे ऊंचे रावण के पुतले के कारण जाना जाता है। रावण के ऊंचे-ऊंचे पुतले बनाने के कारण ही वह देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक में लोकप्रिय हो चुके हैं। उनके सिर पर रावण के सबसे ऊंचे पुतले बनाने का जुनून सवार है। इस बार उनके द्वारा बनाया गया रावण का पुतला राजस्थान की शान बनने जा रहा है।

चौहान ने पिछले 39 सालों में 7 रिकॉर्ड बनाए हैं जिनमें से 5 लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और 2 वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया में दर्ज हैं। 10 सालों की बात की जाए तो इस जुनून के कारण उन्होंने अब तक 4 से 5 करोड़ रुपये खर्च कर दिए हैं। कोटा में बन रहा 215 फीट का रावण का पुतला नगर निगम की तरफ़ से तैयार करवाया जा रहा है। इस पुतले पर कुल लागत क़रीब 51 लाख रुपए आएगी। रावण के पुतले पर लगभग 46 लाख रुपये तथा मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले पर 5 लाख ख़र्च किया जाएगा। मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले 60-60 फुट उंचे बनाए जाएंगे। इस बार 39 साल में पहली बार रावण के चेहरे में कई प्रकार के बदलाव किए जा रहे है। इस बार रावण की राजस्थानी स्टाइल की घुमावदार मूंछें होंगी। पहली बार पुतले में रावण के पूरे 10 सिर लगाए जा रहे हैं। अब तक उंचे पुतले में एक ही सिर होता था लेकिन कोटा के 131 साल पुराने राष्ट्रीय दशहरा मेले की परंपरा के अनुरोध पर चौहान ने इसे मंजूर कर लिया।



कोटा में रावण का पुतला तैयार करते तेजेंद्र सिंह चौहान।

### बुराई के प्रतीक का कद भी बढ़ना चाहिए : चौहान

तेजेंद्र चौहान कभी अच्छे-खासे जमींदार थे। साल 1986 में पहली बार शौक में 20 फीट ऊंचा रावण बनाया। लोगों की सराहना मिली तो अगले साल पुतले की ऊंचाई और बढ़ा दी। चौहान कहते हैं कि जब दुनिया में बुराइयां बढ़ रही हैं तो बुराई के प्रतीक रावण का कद भी बढ़ना चाहिए। सबसे ऊंचे रावण का वर्ष 2011, 2013, 2014, 2015 और 2016 में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज हुआ। 2009 में बराड़ा में 175 फीट, 2012 में 195 फीट, 2014 में पहली बार 200 फीट, और 2016 में 210 फीट ऊंचा रावण बनाया गया। अब तक ये सबसे लंबा रावण पंचकूला, देहरादून, दिल्ली जैसी जगहों पर जाकर कस्बे का नाम रोशन कर चुका है।

### बाइक सवार युवकों ने महिला से ठगे कंगन

**यमुनानगर।** रादौर में बालाजी मेडिकल स्टोर के सामने बाइक सवार युवकों ने महिला के हाथों से सोने के कंगन छीन लिए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर अज्ञात युवाओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

गांव नाचरौन निवासी राजबाला ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह मंगलवार को रादौर में किसी काम से आई थी। जब वह बालाजी मेडिकल स्टोर के सामने पहुंची तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने उसके हाथों से सोने के कंगन छीन लिए और मौके से फरार हो गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गए।

# टास्क पूरा करने के नाम पर ठगे 2.21 लाख रुपये

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

टास्क पूरा करने के नाम पर प्रॉफिट देने का झांसा देकर हुड्डा सेक्टर-17 निवासी सपना सैनी से दो लाख 21 हजार रुपये ठग लिए गए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

हुड्डा सेक्टर 17 निवासी सपना सैनी ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 जून को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह टेलीग्राम एप से जुड़ गई। जहां पर टास्क पूरा करने के नाम पर प्रॉफिट कमाने की बात चल रही थी। आरोपियों ने उसे पहले फ्री में टास्क देने शुरू किए। जिसको उसने आसानी से पूरा कर लिया। आरोपियों ने उसके अकाउंट में प्रॉफिट के पैसे भी भेजे। इसके बाद आरोपियों ने उसे पेड टास्क देना शुरू कर दिया। पेड टास्क के नाम पर आरोपियों ने उससे दो लाख 21 हजार रुपये अकाउंट में जमा करवा लिए। जब उसने आरोपियों से प्रॉफिट के पैसे मांगे तो आरोपियों ने उसे पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे ग्रुप से बाहर कर दिया। जब उसे ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

## खबर संक्षेप



### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर प्रशिक्षण शिविर

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद महिला महाविद्यालय में मंगलवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन महाविद्यालय के युवा रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब और मनोविज्ञान विभाग ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल करनाल का विशेष सहयोग रहा। मुख्य वक्ता डॉ. सौभाग्या कौशिक, विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान, ने आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि "हर समस्या का हल संवाद और संवेदनशीलता से निकाला जा सकता है। जीवन की कठिनाइयों से भागना समाधान नहीं, बल्कि साहस के साथ सामना करना ही असली जीत है।



### शहीद बलदेव सिंह का सम्मान अभी अधूरा

**निगदू।** बीवीर धारा के वीर शहीद बलदेव सिंह, जिन्होंने 20 अगस्त 1997 को अपनी जान न्यौछावर की थी, आज भी उचित सरकारी सम्मान से वंचित हैं। ग्रामीण सतनाम सिंह, बलजिंद्र सिंह, अरविंद चौहान, तरुणपाल, विनय, ताजिंद्र सिंह, काका, सचिन और श्याम ने बताया कि उन्होंने कई बार स्थानीय विधायक भगवानदास कबीरपंथी और परिवहन मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर निगदू बस अड्डा शहीद बलदेव सिंह के नाम पर रखने की मांग की, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। अगस्त 2025 में अधिकारियों ने ग्रामीणों से दस्तावेज ईमेल करने को कहा, लेकिन इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## उपायुक्त की सख्ती: राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

# किसानों की फसल बर्बादी की समस्याओं की समीक्षा कर जल्द करें निपटान : डीसी

एसडीएम को निर्देश दिया कि नागरिक जब भी कार्यालय में आए तो उसे प्राप्ति रसीद अवश्य दी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह ने राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पटवारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि अब किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने सबसे पहले किसानों की फसल क्षति मुआवजा प्रक्रिया की समीक्षा की और निर्देश दिया कि फसल नुक़सान के दावे समयबद्ध ढंग से सत्यापित हों, ताकि किसान समय पर राहत पा सकें। उपायुक्त ने कहा कि यदि किसानों को राहत में देरी हुई तो संबंधित राजस्व अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। चकबंदी मामलों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि जिले के तीन गांवों की चकबंदी अदालत में लंबित होने के कारण अटकी हुई है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तहसीलदारों को आदेश दिया कि हाईकोर्ट में लंबित स्टे हटवाने के लिए तुरंत याचिकाएं दायर की जाएं, ताकि किसानों का दशकों से अटका काम पूरा हो सके।

» चकबंदी का मामला अदालत में लंबित होने पर उपायुक्त ने जताई नाराजगी

» बैठक में सबसे पहले फसल क्षति मुआवजा प्रक्रिया की समीक्षा की



**करनाल।** मासिक समीक्षा बैठक में अफसरों के साथ मौजूद डीसी उत्तम सिंह।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

स्टांप ड्यूटी और सरकारी बकाया वसूली की समीक्षा में उपायुक्त ने कहा कि "जो राजस्व विभाग राज्य सरकार की आय का सबसे बड़ा स्रोत है, वही विभाग ढिलाई करेगा तो विकास कार्य कैसे चलेंगे?" उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि रिकवरी सर्टिफिकेट्स की रिपोर्ट हर सप्ताह भेजी जाए। बैठक में उन्होंने मॉडल रिकॉर्ड रूम, ततिमा कटिंग और ऑनलाइन सेवाओं की स्थिति की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने 15 अक्टूबर तक सभी लंबित काम निपटाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अब ग्राम सचिव और पटवारी की बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य होगी, और अनुपस्थित पाए जाने पर वेतन काट लिया जाएगा।

### सीडीपीओ पर जुर्माना, लंबित मामलों के निपटान का आदेश

*करनाल। मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना का लाभ समय पर न मिलने से नाराज होकर हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने निसिंग खंड की महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) पर 1000 का सांकेतिक जुर्माना लगाया है। आयोग ने आदेश दिया है कि जुर्माने की राशि सीडीपीओ के वेतन से काटकर सरकार को जमा कराई जाए। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी करनाल को निर्देश दिया गया कि सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण बिना देरी के किया जाए और 6 अक्टूबर तक रिपोर्ट भेजी जाए। आयोग ने यह भी कहा कि सरल पोर्टल पर हर आवेदन की स्थिति अपडेट होना जरूरी है, ताकि आवेदक समय पर जानकारी पा सकें और अनावश्यक अपीलें न करें। आदेश में अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में योजनाओं के लाभ में देरी हुई तो व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय होगी।*

### बैठक में ये रहे उपस्थित

*बैठक में एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, एसडीएम इंद्री अशोक कुमार, डीआरओ मनीष यादव, डीडीपीओ कंचन लता, बीडीपीओ सोमवीर खटकड़, मोनिका, प्रशांत, शिखा सहित सभी तहसीलदार मौजूद रहे।*



### एचआईवी जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में मंगलवार को एचआईवी/एड्स जागरूकता विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग, युवा रेडक्रॉस और एनएसएस ने मिलकर किया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ काउंसलर डॉ. विक्रम सिंह चौहान, जिन्होंने 7 बार राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त किया है, ने विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण से बचाव और उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि "एचआईवी से डरने की नहीं, समझने की जरूरत है। सही जानकारी और समय पर इलाज से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।" प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने डॉ. चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## सिमिरन कौर धाडली का नया गीत 'प्यार नी सरया' रिलीज

हरिभूमि न्यूज़ करनाल।

पंजाबी म्यूज़िक की मशहूर सिंगर और गीतकार सिमिरन कौर धाडली ने अपना नया सिंगल 'प्यार नी सरया' रिलीज़ किया है। पुत्त जट्ट दा जैसे धमाकेदार ट्रैक के बाद इस बार सिमिरन ने अपने सिग्नेचर स्टाइल से हटकर एक बेहद भावुक गीत प्रस्तुत किया है।

इस गाने को सिमिरन ने खुद लिखा और कंपोज़ किया, जबकि इसका म्यूज़िक देसी ट्रैप ने दिया है। गीत टूटे हुए रिश्ते और अधूरे प्यार की उस कसक को सामने लाता है, जो समय बीतने के बाद भी दिल में जिंदा रहती है। हल्की-फुल्की धुन और गहरे बोल इसे दिल को छूने वाला बनाते हैं।

गीत के बारे में सिमिरन ने कहा

"यह गाना मेरे दिल की गहराइयों से निकला है। इसमें उस खोए हुए प्यार और जख्म का सम्मान है, जिसे मैं हमेशा अपने साथ संजोकर रखना चाहती हूँ।"

## विधायक आनंद ने 'मिशन स्वस्थ भारत' टीम के साथ किया योग

जेसीआई गोल्ड और जेसीआई एजाईल का रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को मेरा मिशन स्वस्थ भारत टीम के साथ योगाभ्यास किया। यह कार्यक्रम जेसीआई गोल्ड और जेसीआई एजाईल के सहयोग से एनडीआरआई गेट पर आयोजित किया गया, जिसमें योग साधकों और क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग और वॉकथन कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की शुरुआत में जेसीआई करनाल एजाईल के प्रधान जेसी सार्थक मित्तल, जेसीआई करनाल गोल्ड के प्रधान प्रमोद बंसल और मेंटोर जेसी नंदन चावला ने मुख्य अतिथि विधायक जगमोहन आनंद का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि दिनेश गुलाटी वर्षों से अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। लोगों को स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करना भी एक महान समाजसेवा है। उन्होंने कहा,समाज स्वस्थ होगा तभी देश स्वस्थ होगा। योग शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की मजबूती देता है। आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग को अपनाना बहुत आवश्यक है।



**करनाल।** जेसीआई गोल्ड और जेसीआई एजाईल के सदस्यों के साथ विधायक।

## एसडीएम की मौजूदगी में तरावड़ी नगरपालिका उपप्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

प्रस्ताव के पक्ष में नपा प्रधान सहित 13 पार्षद मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी नगरपालिका उपप्रधान के खिलाफ बुधवार को अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। जिला उपायुक्त द्वारा नियुक्त अधिकारी एस.डी.एम नीलोखेड़ी ने सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करवाई। प्रस्ताव के पक्ष में नगरपालिका प्रधान सहित तेरह पार्षदों मौजूद रहे जबकि उपप्रधान अमित बंसल व वार्ड न. 1 के पार्षद हरीश मदान अनुपस्थित रहे। वार्ड न. 8 के पार्षद का कुछ माह पहले देहांत हो चुका है। सभी पार्षदों को सुबह ग्यारह बजें कार्यालय में पहुंचने का नोटिस दिया गया था और नपा प्रधान सहित जिन पार्षदों ने उपप्रधान के खिलाफ जिला उपायुक्त को शपथ पत्र दिया था वह सभी मौंके पर उपस्थित रहे। एस.डी. एम अशोक कुमार ने सभी पार्षदों न केवल मौखिक बल्कि विडियोग्राफी करते हुए सभी के हाथ ऊपर करवाकर कार्यवाही पूरी की और नपा उपप्रधान अमित बंसल के खिलाफ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कर आगामी कार्यवाही के लिए जिला उपायुक्त को लिखकर भेज दिया गया। गौरतलब है कि उपप्रधान के खिलाफ कई माह से पार्षदों मे असंतोष व्यापत था क्योकि उपप्रधान न तो नगरपालिका में ही उपस्थित रहते और न ही नपा की किसी भी कार्यवाही भाग ले रहे थे। यही नही नपा उपप्रधान विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के उम्मीदवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे उसका खामियाजा भी अमित बंसल को भुगतना पड़ा। नपा तरावड़ी के कुल पंद्रह में से बारह पार्षदों व नगरपालिका प्रधान ने 23 जुलाई को जिला उपायुक्त से मिलकर नपा उपप्रधान अमित बंसल के खिलाफ शपथ पत्र दिए थे जिसके बाद से अविश्वास प्रस्ताव पर कार्यवाही के लिए तारीख का इंतजार सभी पार्षद बड़ी उत्सुकता से कर रहे थे। नगरपालिका तरावड़ी ने 22 अगस्त को 10 सितंबर की बैठक के लिए नोटिस जारी किए थे, लेकिन किसी भी पार्षद ने न तो इस बात का कही जिक्र किया और न ही किसी तरह हो हल्ला हुआ।

### बैठक में प्रमुख रूप से ये रहे मौजूद

बैठक में नगरपालिका प्रधान विरेंद्र बंसल के अलावा पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, सुरेंद्र खुराना, नरेश गाबा, अंकित चौधरी, मुकेश कुमार, कमल जांगड़ा, देशराज व अन्य सभी पार्षद मौंके पर मौजूद रहे। इस बारे में एस.डी.एम अशोक कुमार ने बताया कि नगरपालिका उपप्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया और पूरी कार्यवाही को जिला उपायुक्त को भेज दिया जाएगा। आगे की कार्यवाही जिला उपायुक्त नियमानुसार करेंगे।



**करनाल।** पदोन्नम मुख्य सिपाहियों का स्वागत करते पुलिस अधिकारी।

### आठ मुख्य सिपाही बने सहायक उप निरीक्षक

करनाल। जिला पुलिस करनाल में तैनात आठ मुख्य सिपाहियों को सहायक उप निरीक्षक (ASI) पद पर पदोन्नति दी गई। बुधवार को पुलिस अधीक्षक श्री गंगाराम पुनिया ने पुलिस कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में सभी पदोन्नत कर्मियों के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया।
इस अवसर पर पुलिस कप्तान ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पदोन्नति के साथ विभागीय जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। इसलिए सभी को अनुशासन, मेहनत और लगन से कार्य करते हुए नई जिम्मेदारियों को पूरे जोश व उत्साह के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतरें और ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करें।
पदोन्नति पाने वाले सहायक उप निरीक्षकों ने एसपी करनाल का आभार व्यक्त किया और उन्हें मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। इस मौके पर जिला पुलिस कार्यालय में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई दी और पदोन्नति का जश्न मिठाई बांटकर मनाया।

## फसल अवशेष जलाने से नाइट्रोजन व काफी मात्रा में सल्फर का होता है नुकसान : डॉ अश्वनी कुमार

खंड कृषि अधिकारी ने ली अफरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

खंड कृषि कार्यालय इंद्री मे फसल अवशेष प्रबंधन तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने को लेकर खंड कृषि अधिकारी डा अश्वनी कुमार ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मीटिंग के दौरान खंड कृषि अधिकारी डॉ अश्वनी कुमार ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे खंड के सभी गांवों में जागरूकता शिविर आयोजित कर किसानों को फसल अवशेष न जलाने बारे जागरूक करें। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से हमारा वातावरण दूषित होता है जिसकी वजह से हम सभी को कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से शत-प्रतिशत नाइट्रोजन व काफी मात्रा में सल्फर का नुकसान होता है तथा इसके साथ-साथ जैविक पदार्थ, मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, राख, मीथेन व अन्य अशुद्धियाँ उत्पन्न होती है। यदि कोई किसान अपनी फसलों के अवशेष में आग लगाता है तो नियमानुसार उस पर 30 हजार रुपये तक का जुर्माना व एफआईआर के साथ-साथ रेड एन्ट्री का भी प्रावधान है।



खंड कृषि कार्यालय इंद्री मे फसल अवशेष प्रबंधन पर बैठक अधिकारी व कर्मचारी।

### प्रबंधन पर चर्चा

उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं, बल्कि उनका खेत में ही आधुनिक उपकरणों द्वारा उसका समुचित प्रबंधन करें। विभाग द्वारा आधुनिक कृषि यंत्रों पर जैसे सुपर सीडर, बैलर्स, रोटावेटर, हैप्पी सीडर, जीरो टिल सीड ड्रिल आदि सभी गांवों में उपलब्ध करवाए गए हैं। किसान इन आधुनिक यंत्रों का प्रयोग करके फसल अवशेषों का सही तरीके से प्रबंधन कर सकते हैं। विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन करने वाले किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया गया है। आगजनी की घटनाओं की निगरानी के लिये इस बार सेटेलाइट 24 घंटे निरंतर कार्य करेगा।



**इंद्री।** विधायक रामकुमार कश्यप को ज्ञापन सौंपते नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**इंद्री।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के कर्मचारियों ने विधायक रामकुमार कश्यप को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने विधायक से अनुरोध किया कि वे इन मांगों को सरकार तक पहुंचाएं और उनका समाधान करवाएं। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि नगरपालिकाओं, परिषदों व निगम में कार्य कर रहें सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों का वेतन 27 हजार किया जाए, नगर पालिका में 11 साल में कर्मचारियों की भर्ती नहीं हुई इसलिए शीघ्र विभाग में सरकारी भर्ती की जाए, फील्ड के कर्मचारियों पर बायोमेट्रिक अटेंडेंस थोपी जा रही है उसको सरकार रद्द करें क्योंकि फील्ड के कर्मचारियों का काम करने का कोई टाइम नहीं होता, सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए व पुरानी पेंशन बहाल हो सहित कई मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। विधायक रामकुमार कश्यप ने नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### स्वरोजगार ही भविष्य की कुंजी: डॉ. धर्मपाल

**करनाल।** पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। विषय था—"स्वरोजगार एवं करियर निर्माण।" व्याख्यान प्रस्तुत किया इग्नू क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि केवल नौकरी को ही करियर का विकल्प मानना गलत है। आज के दौर में स्वरोजगार ही सबसे बड़ा अवसर है। "युवा यदि संकल्प, समर्पण और निरंतर मेहनत के साथ कार्य करें तो हर चुनौती को अवसर में बदल सकते हैं।" डॉ. धर्मपाल ने ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल, ओला-ऊबर के उदाहरण देते हुए कहा कि छोटे-से विचार को भी सही दिशा में ले जाकर बड़ा बनाया जा सकता है। उन्होंने करनाल के नीलकंठ स्टार ढाबा और जेनेसिस कोचिंग सेंटर का भी उल्लेख किया कि स्थानीय स्तर पर भी मेहनत से बड़ा मुकाम पाया जा सकता है।उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे "विकसित भारत 2047" के सपने को साकार करने में योगदान दें। संचालन डॉ. नवीन बत्रा ने किया। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी, उप-प्राचार्य डॉ. जरनैल सिंह, डॉ. नीलम शर्मा सहित संकाय व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

## करनाल के स्केटर्स का दबदबा

## खिलाड़ियों ने 30 पदक जीतकर जिले का नाम किया रोशन



**करनाल।** विजेता खिलाड़ियों के साथ आयोजक और कोच। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हुडा मैदान, सेक्टर 20 में आयोजित द्वितीय हरियाणा जोनल क्लब रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में करनाल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 18 गोल्ड, 8 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज सहित कुल 30 मेडल जीते। खिलाड़ियों की उपलब्धियां इस प्रकार रहीं।

### प्रतियोगिता के परिणाम

अंडर-6 लड़कियां: अरिजा गेरा—1 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज।
6–8 वर्ष: रीतिका—1 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज।
8–10 वर्ष: दित्या कंडोल—2 गोल्ड।
10–12 वर्ष: कर्णिका कंडोल—2 गोल्ड, तृषा देसवाल—2 सिल्वर।
12–15 वर्ष: मानवी—2 गोल्ड।
18+ लड़कियां: सिमरन गुप्ता—2 गोल्ड।
लड़के 8–10 वर्ष: अदविक—2 गोल्ड।
लड़के 12–15 वर्ष: वंश जाखड़—2 गोल्ड, देवांश बत्तरा—1 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज।
क्वाड रेस लड़कियां 12–15 वर्ष: सेजल—1 गोल्ड, 1 सिल्वर, तवलीन—1 गोल्ड, 1 सिल्वर।
15–18 वर्ष: रिषिका रॉय—2 गोल्ड।
लड़के अंडर-6: अक्षत इनडलिया—1 ब्रॉन्ज।
6–8 वर्ष: तन्मय खुराना—1 सिल्वर।
12–15 वर्ष: कुणाल बत्तरा—2 गोल्ड।
कोच संजय गोयल और पंकज बत्तरा ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## श्रीमद्भागवत का मूल उद्देश्य उज्ज्वल धर्म को प्रकाशित करना

# श्री श्याम उत्सव में श्रीमद्भागवत कथा में लगा भक्तों का तांता, पुंडरीक गोस्वामी महाराज ने धर्म के 10 गुण बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल द्वारा सेक्टर-12 स्थित गोल्डन मोमेंट में जारी श्री श्याम उत्सव का तीसरा दिन आध्यात्मिकता और श्रद्धा से सराबोर रहा। विश्व विख्यात कथावाचक श्री पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज ने इस अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराया।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत का मूल उद्देश्य उज्ज्वल धर्म को प्रकाशित करना है। मंदिर जाने वाला हर व्यक्ति धार्मिक हो यह जरूरी नहीं, लेकिन मंदिर में सबको जाना चाहिए क्योंकि यह आत्मिक शांति और धैर्य का केंद्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शास्त्रों में धर्म शब्द के दस गुण बताए गए हैं, जिनमें पहला गुण धैर्य है। "जिसमें पेशनस नहीं होता वह पेशेंट हो जाता है," यह कहते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि भगवान की दृष्टि में सब समान हैं।



**करनाल।** श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल द्वारा सेक्टर–12 स्थित गोल्डन मोमेंट में आयोजित कथा में मौजूद भक्तजन।

गोस्वामी जी ने कहा कि धर्म वह नहीं है जो चमत्कार दिखाए, बल्कि धर्म वह है जो इंसान को समझदार बनाए। वर्तमान समय में युवाओं का धर्म की ओर झुकाव बढ़ा है। वे कथा सुनने लगे हैं, कीर्तन में शामिल होते हैं और मंदिरों में जाना शुरू कर चुके हैं, जो समाज के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने सनातन धर्मियों से आह्वान किया कि आहार की शुद्धि और ग्रंथों के अध्ययन पर ध्यान दें। सात्विक व्यवस्था से भोजन और वस्तुएं बनाने वालों के लिए "ओम सर्टिफिकेशन" की शुरुआत होनी चाहिए, जिससे समाज और सरकार तक एक सशक्त संदेश पहुंचे।

उन्होंने कहा कि स्थायी तृप्ति ही मुक्ति है। तृप्त व्यक्ति संतुष्ट रहता है जबकि अतृप्त व्यक्ति दुखों से घिरा रहता है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से न केवल उपस्थित श्रोता बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी संस्कारों से समृद्ध होती हैं। इस मौके पर गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने भी श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए। आयोजन समिति के अंकुर गुप्ता ने बताया कि कथा का आयोजन 14 सितंबर तक चलेगा। इसी दिन शाम छह बजे से श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन होगा जिसमें विश्व प्रसिद्ध भजन गायक बाबा चित्र विचित्र जी महाराज श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

### ये रहे मौजूद

गौरव गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, हरीश गोयल, शोभित गुप्ता, आशीष गुप्ता, अंकुर गुप्ता, प्रणव गुप्ता, मोहित गुप्ता, अक्षत गुप्ता, पवन सिंगला, मनीष बंसल, सौरभ गुप्ता, रजत गर्ग, निखिल जिंदल, सर्वेश गोयल, महेश सिंगला, रिभव बंसल, साहिल गुप्ता, कर्ण बंसल, गौरव गोयल, आकाश गुप्ता, अनमोल मित्तल, अतुल जैन, पंकुल गुप्ता, निखिल जिंदल, रोहित गर्ग सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बारिश के कारण घर में दरार आई

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था निवासी निर्धन किसान बलवान सिंह के मकान की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। वहीं इस घर में 11 सदस्यों का परिवार रहता है। बलवान ने बताया कि बारिश के कारण पुराने हो चुके मकान की हालत और जर्जर हो गई है। निर्धनता के कारण वह मकान की मरम्मत नहीं करवा पा रहा है। उसके पास मात्र दो बीघा भूमि है और वह पशु पालन कर जैसे तैसे अपना पेट पाल रहा है। बलवान ने प्रदेश सरकार से आर्थिक मदद की अपील की है।

### लघु उद्योग भारती का अधिवेशन 13 से

**पानीपत।** लघु उद्योग भारती का अखिल भारतीय अधिवेशन समालखा के पट्टीकल्याणा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र में 13 से 15 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 सितंबर को समापन समारोह में शामिल होंगे। इसमें देशभर से करीब दो हजार उद्योगपति शामिल होंगे। तीन दिवसीय अधिवेशन में योजनाओं पर चर्चा करने के साथ नए प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। जिनमें हर विषय आगे सरकार के साथ बात की जाएगी। यह जानकारी लघु उद्योग भारती के प्रदेशाध्यक्ष शुभ आदेश मित्तल ने दी।

### इनेलो ने शुरू किया जनसंपर्क

**इसराना।** इनेलो ने 25 सितंबर को पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की याद में रोहतक में सम्मान दिवस मनाएगी। कार्यक्रम को लेकर पार्टी ने पानीपत जिले के हलका इसराना में जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। इनेलो के पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष और हलका इसराना प्रभारी सुरजीत संधू ने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। वहीं, इनेलो नेता राजेंद्र जागलान व हेमराज जागलान ने दावा किया कि इनेलो की रैली ऐतिहासिक होगी।

### डायरिया से बचाव करें आमजन

**पानीपत।** पानीपत जिले में डायरिया के मामलों को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम आयुक्त डॉ.पंकज ने इस संबंध में हेल्थ विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि हाल ही में मौसम में बदलाव और बरसात के चलते डायरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा है, ऐसे में आमजन को सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की नितांत आवश्यकता है।

### फसल अवशेष प्रबंधन पर बैठक

**पानीपत।** जिले में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पूरी तरह से तैयार है। वहीं, संयुक्त निदेशक (मिट्टी) डॉ. देवेन्द्र सिहाग ने सभी बेलर वाले किसानों अपील करते हुए कहा कि है हर एक किसान तक बेलर पहुंचाया जाएगा ताकि जिले में बगैर किसी बाधा के फसल अवशेष प्रबंधन हो सके। फसल अवशेष प्रबंधन की अहमियत बताते हुए किसानो से अपील करे की वे फसल अवशेष को जलाने की बजाय उनका सही तरीके से प्रबंधन करें ताकि पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

# गंदगी देख अधिकारियों पर नाराज हुए विधायक

- चेताया, मेरी विनम्रता को कमजोरी न समझें, जिम्मेदार अधिकारियों से निपटूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶समालखा

समालखा में नालों की सफाई नहीं होने की शिकायत पर विधायक मनमोहन भड़ाना ने मंगलवार को देर रात मौके का मुआयना कर किया और लापरवाह धिकारियों की जमकर की खिंचाई की। भडाना ने कहा काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को किया जाएगा सम्मानित, वहीं, लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इधर, प्रवीन पहलवान व पार्षद मनीष बेनीवाल ने भडाना को बताया खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के पास बेनीवाल एनक्लेव के पास गंदे नाले की सफाई नहीं हुई। वहीं सीवरेज सिस्टम ठीक नहीं है, सड़कें टूटी और सफाई नहीं होने से बारिश में जीना मुहाल हो जाता है। बारिश में जलभराव हो जाता है। इससे जनता परेशान होती है। इधर, जनता की शिकायतें सुनने के बाद विधायक भडाना ने संबंधी अधिकारियों को समालखा की सफाई व्यवस्था ढर्रे पर लाने के सख्त निर्देश दिए।



समालखा। सफाई व्यवस्था की जांच करते विधायक मनमोहन भड़ाना। फोटो: हरिभूमि

# लंदन में दम दिखाएगा डीपीएस पानीपत सिटी का वारिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶समालखा

डीपीएस पानीपत सिटी का क्रिकेट खिलाड़ी वारिस सिंह 11 सितंबर से 20 सितंबर तक लंदन में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयनित हुआ है।

डीपीएस का क्रिकेटर वारिस सिंह पहले भी यूसी कप ऑस्ट्रेलिया, गल्फ कप दुबई व इंडो साउथ अफ्रीका के कई मैचों में अपने प्रदर्शन का लोहा मनवा चुका है। डीपीएस पानीपत सिटी के प्रो. वाइस चेयरमैन अमित राणा ने बताया कि चालू वर्ष में ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा, वर्ष 2022 में दुबई में, साउथ अफ्रीका में हुए कई टूर्नामेंट के मैचों में वारिस सिंह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुका है। वहीं, डीपीएस पानीपत सिटी स्कूल प्रशासन एवं माता-पिता को वारिस सिंह से बहुत उम्मीद है कि वे लंदन के मैचों में भी अपना दमखम दिखाते हुए अपनी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करेगा।



समालखा। डीपीएस पानीपत सिटी के प्रो.वाइस चेयरमैन अमित राणा के साथ क्रिकेटर वारिस सिंह।

# माउंटेन ड्यू ने लॉन्च किया पीईटी पैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

- लोगों को हमेशा चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना फिलॉसफी

पेप्सिको इंडिया के बोल्ड एवं फियरलेस बेवरेज ब्रांड माउंटेन ड्यू ने मात्र बीस रुपये में अपना नया चार सौ एमएल पीईटी पैक लॉन्च किया है। वहीं माउंटेन ड्यू पेप्सिको इंडिया की कैटेगरी हेड आकांक्षा दलाल ने कहा कि माउंटेन ड्यू में हमारी फिलॉसफी है लोगों को हमेशा चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना। पीईटी पैक की लॉन्चिंग ड्यू एक्सपीरियंस को ज्यादा सुगम बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, इस लॉन्चिंग के मौके पर माउंटेन ड्यू ने रोमांच से भर देने वाले टीवीसी कैंपेन में सेलेब्रिटी ब्रांड एंबेसडर ऋतिक रोशन नजर आए हैं। इस ऐड में ऋतिक रोशन एक आउटडोर एडवेंचर करते नजर आएंगे।

# शिक्षकों को सम्मानित किया

**पानीपत।** शिक्षा विभाग की ओर से निपुण भारत अभियान और निपुण हरियाणा के अंतर्गत कक्षों को आकर्षक बनाने व टीएलएम आदि से परिपूर्ण कर प्रिंट रिच प्रतियोगिता हुई। वहीं, बीआरपी अंजलि ने बताया कि टीचर योगिता दहिया, सुमन, वीना गर्ग, जितेंद्र कुमार, सोनू देवी, बोधराज श्योराण, शशिकांत, अजय कुमार, गीतांजलि, सुशीला, शम्मी, सीमा, संध्या रानी, सीमा यादव, मोनिका गांधी, सोनिया, पूजा, ऋतु, सुशीला विजेता रहे। इन सभी को बीईओ पानीपत बिक्रम सहरावत ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# बाल श्रम करते 10 बच्चों का रेस्क्यू किया

- पानीपत में स्टेट क्राइम ब्रांच व एमडीडी ऑफ इंडिया का संयुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

मानव तस्करी विरोधी इकाई ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया ने आठ साल से 16 साल की उम्र के 10 बच्चों को रेस्क्यू किया और बाल कल्याण समिति में उनकी काउंसलिंग करवाकर बाल देखभाल केंद्र शिव नगर में भेजा गया।

बच्चों को पढ़ाई लिखाई करने के लिए प्रेरित किया गया। मुक्त कराए गए सभी बच्चे बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश से हैं जो यहां अपने परिवार के साथ रहकर जीवन यापन कर रहे हैं।

इधर, स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज संदीप कुमार ने कहा कि अगर किसी नागरिक को बाल श्रम का कोई मामला दिखे, तो उस व्यक्ति को तुरंत श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई, बाल कल्याण समिति, जिला प्रशासन या एमडीडी ऑफ इंडिया जैसी गैर सरकारी संस्थाओं को इसकी जानकारी मोबाइल संख्या 7015986378 पर देनी चाहिए। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया से अजय चौहान, एएसआई सुनील कुमार, मुकेश आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। बाल श्रम कर रहे बच्चों को रेस्क्यू करते हुए मानव तस्करी विरोधी इकाई। फोटो: हरिभूमि



पानीपत। मुख्य बिजली घर पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

# बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

पानीपत के मुख्य बिजली घर में सिटी डिवीजन के एक्सईएन ऑफिस पर कर्मचारी यूनियन ने विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सिटी यूनिट प्रधान दलेल शर्मा ने की व मंच का संचालन सचिव बलराम राणा ने किया। राज्य के उप प्रधान जितेंद्र सैनी ने बताया कि सिटी डिवीजन में एचकेआरएन के कर्मचारियों की सैलरी पिछले काफी दिनों से दो से तीन हजार कम आ रही है। इस बारे एक्सईएन से कई बात बात हो चुकी है लेकिन अभी तक उनकी सैलरी ठीक नहीं हुई है। इस विरोध प्रदर्शन को महीपाल, नरेंद्र अहलावत, मुकेश शर्मा, जितेंद्र वर्मा, राजेंद्र कुमार, विनोद कुमार, सौरभ आदि नेताओं ने संबोधित किया।

# पानीपत पुलिस की सूदखोरों पर शिकंजा कसने की तैयारी

- सूदखोरों की पहचान कर सूची बनाने में जुटी पुलिस, अभियान को स्वयं कमान कर रहे है कप्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

पानीपत पुलिस ने जरूरतमंद लोगों को काफी ऊंची ब्याज दरों पर पैसे देन वाले सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बुधवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में इस संबंध में सभी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और सूदखोरों की सूची तैयार कर उपर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में एसपी सिंह ने सूदखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति और इससे होने वाले नुकसान पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सूदखोरों ने अधिकांश तौर पर छोटे काम करने वाले गरीब लोगों को फंसाया हुआ है। ये गरीब लोग छोटा व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन पोषण करने के उद्देश्य से इन सूदखोरों से ब्याज पर यह सोच कर पैसा ले लेते है कि रोजाना होने वाली आमदनी में से वह पैसा चुकाता रहेगा। लेकिन एक बार फंसने वाला व्यक्ति सूदखोरों के जाल में बंधवा बनकर रह जाता है उन्होंने कहा कि ऐसी भी सूचनाएं है गरीब व जरूरतमंद लोगों को काफी ऊंची ब्याज दरों पर पैसे देने और ब्याज नहीं दे पाने की स्थिति में मारपीट व अमानवीय कृत्य किए जाते है। उन्होंने साफ किया कि इस प्रकार से शोषण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे सभी सूदखोरों की पहचान की जाए और उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में एएसपी हर्षित गोयल, सभी डीएसपी, थानेदार आदि उपस्थित रहे।



पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह

# समस्या से डरें नहीं, मुकाबला करें युवा: डॉ. वर्मा

- होटल प्रबंधन संस्थान में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल अस्पताल पानीपत से उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.ललित वर्मा ने शिरकत की।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. आलोक असवाल ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वहीं डॉ. ललित ने बताया की आत्महत्या रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए हर साल दस सितंबर को आत्महत्या विरोधी दिवस मनाया जाता है। प्राचार्य डॉ.आलोक असवाल ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझना था। इस मौके पर विनोद देसवाल, आशीष सिक्का, नौबल कौशिक आदि मौजूद रहे।



पानीपत। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।



पानीपत। आईबी कॉलेज में बुक कवर डिजाइन कम्पटीशन में भाग लेते विद्यार्थी।

# डिजाइनिंग के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा बीए इंग्लिश ऑनर्स प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए बुक कवर डिजाइन कम्पटीशन का आयोजन हुआ। जिसका विषय अपनी जीवनी पर लिखी पुस्तक का कवर पेज बनाना था। कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभाग से राहुल द्वारा किया गया। वहीं, प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन देती है। उन्होंने कहा, कागज पर बिखरे रंग न केवल बच्चों को अपने पंख फैलाने की आजादी देते है बल्कि यह उन्हें नई खुशियां प्रदान देते है और उनके मानसिक विकास में भी सहायक होते है। इस असर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम आदि उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस ट्रेनों का भोडवाल माजरी में ठहराव होगा

**पानीपत।** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु छह अक्तूबर से सात नवंबर तक पानीपत के भोडवाल माजरी स्टेशन पर रेलगाड़ी संख्या 12414, जम्मू तवी-अजमेर रेल सेवा का रात 2.20 बजे आगमन व 2.22 बजे प्रस्थान और रेल गाड़ी संख्या 12413, अजमेर-जम्मू तवी रेल सेवा रात 22.25 बजे आगमन एवं 22.57 बजे प्रस्थान करेगी। वर्तमान में इस ट्रेन का हरियाणा के करनाल, अंबाला कैंट, गुरुग्राम, गढ़ी हरसरू और रेवाड़ी जंक्शन पर ठहराव होता है। उन्होंने बतया कि गाड़ी संख्या 22451, बान्द्रा टर्मिनस-चंडीगढ़ रेलसेवा 6 अक्तूबर से 7 नवंबर तक भोडवाल माजरी स्टेशन पर सुबह 11.13 बजे आगमन एवं 11.15 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22452, चंडीगढ़-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 6 अक्तूबर से 7 नवंबर तक भोडवाल माजरी स्टेशन पर सुबह 7.58 बजे आगमन एवं 08.00 बजे प्रस्थान करेगी। वर्तमान में इस ट्रेन का हरियाणा के नारनौल, रेवाड़ी, गुरुग्राम, पानीपत, करनाल व अंबाला कैंट जंक्शन पर ठहराव होता है।

# पीईटीए ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी

**पानीपत।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पानीपत इलेट्रिकल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने आगे बढकर राहत सामग्री भेजी है। एसोसिएशन की ओर से ट्रक भरकर मैट्रेस और अन्य जरूरी सामान रवाना किया गया है। राहत सामग्री स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में वितरित की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज दुआ ने कहा कि पंजाब की बाढ़ त्रासदी ने असंख्य परिवारों को कठिनाई और बेबसी में धकेल दिया है। ऐसे समय में पीड़ित परिवारों का सहारा बनना हमारा नैतिक कर्तव्य है। पानीपत इलेट्रिकल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से भेजी गई यह राहत सामग्री हमारी संवेदनशीलता और सेवा भाव का छोटा सा प्रयास है। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्य नितिन मदान, मनीष छाबड़ा, वनीत, निहित गोयल, पवन डावर, कालीचरण गुप्ता, अभिमन्यु बत्रा और अंकुर बठला भी उपस्थित रहे।




पानीपत। इलेट्रिकल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजते हुए।



पानीपत। आईबी कॉलेज के क्विज विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो: हरिभूमि

# विद्यार्थियों का क्विज से बढ़ा है ज्ञान: डॉ. मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

आईबी कॉलेज, के वाणिज्य विभाग की ओर से क्विज करवाया गया। जिसमें बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की सात टीमों के 21 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में कॉमर्स, सामान्य ज्ञान, ब्रांड्स, बॉलीवुड और बिजनेस जैसे विषयों पर आधारित प्रश्नोत्तरी राउंड शामिल किए गए। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं, प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर फरदीन खान, पुनीत व कपिल, द्वितीय स्थान पर काजल, निशा व अक्षा, तृतीय स्थान पर प्रीति, स्नेहा व भानु खुराना रहे। जबकि सांत्वना पुरस्कार परवीन, सानिया, वंदना को मिला।

## आर्य कॉलेज में जिलास्तरीय क्विज में 17 कॉलेजों से 115 विद्यार्थियों ने भाग लिया

# विद्यार्थी के जीवन के विकास को बाधित कर देती है झिझक: डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

हरियाणा स्टेट कांउसील फॉर साईंस एंड टैक्नॉलजी पंचकूला के निर्देशानुसार आर्य कालेज के गणित विभाग द्वारा जिलास्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगता हुई। जिसमें में जिले के 17 कॉलेजों से 115 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ समसामयिक विषयों पर भी अपनी पकड़ बना कर रखनी चाहिए। जिसके लिए विद्यार्थियों हर रोज समाचार पत्र अवश्य पढ़ने चाहिए। डॉ.गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इससे विद्यार्थियों के मन में मंच के प्रति जो डर है, वह दूर हो जाता है। कार्यक्रम के संयोजक व गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.शिवनारायण ने बताया कि आज जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पहले सभी 17 कॉलेजों से आए विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग करवाई गई। जिसके बाद आठ टीमों का चयन किया गया और अंत में पांच टीमों का चयन जोनल लेवल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए किया गया। जोनल लेवल के लिए, एसडी पीजी कॉलेज पानीपत, आर्य पीजी कॉलेज पानीपत, एसडी कॉलेज पानीपत की टीम नंबर दो व राजकीय महिला महाविद्यालय मतलोडा की दो टीमों का चयन किया गया। इस अवसर पर डॉ. गीतांजलि साहनी, डॉ. बलकार सिंह, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. संदीप गुप्ता, प्राध्यापिका शिखा गर्ग, सुदेश, डॉ. उमेद सिंह, अमनदीप सिंह, नेहा भारद्वाज, साक्षी, इंदु, निधि मलिक, डिंपल, मीनू शुभम आदि मौजूद रहे।



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुलशन को गिरफ्तार किया है। परिवादी केतन ने 8 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 8 सितंबर 2025 को इंदिरा पार्क से किसी आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### शराब की 24 बोतल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र की रूचरा फैक्टरी के पास से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी विजय वासी डेरा को 24 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू किया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। इसके जरिए ही वह तस्करी का कारोबार करता था।

### सुकन्या योजना के खोलें खाते

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में प्रशासन द्वारा जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) सुधार हेतु विभिन्न योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए लीड डिसर्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) कमल चंद गुप्ता तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजन किया गया । बैठक में विशेष रूप से सुकन्या समृद्धि योजना, नवजात बेटियों के लिए सावधि जमा योजनाएं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। सभी बैंकों को निर्देश दिए कि बेटी के जन्म के समय अधिकतम सुकन्या समृद्धि खाते खोले जाएं।

### 2 दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

**नारायणगढ।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के युवा व सांस्कृतिक विभाग के निर्देशन पर प्राचार्य डा. रेनू ऋषि की अध्यक्षता में संस्कृति समिति की इंचार्ज प्रोफेसर पिंकी बाला एवं उसकी समिति के सदस्यों द्वारा 2 दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना करके किया गया। संस्कृति समिति की संयोजिका प्रो. पिंकी बाला एवं उनके सदस्यों द्वारा प्राचार्या को फूलों का पौधा भेंट कर कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका स्वागत किया।

### आज पांच घंटे बंद रहेगा उचाना सब स्टेशन

**जींद।** वीरवार को उचाना का 132केवी सब स्टेशन लगभग 5 घंटे बंद रहेगा। इस दौरान कंडक्टर लाइन बदलने का काम किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए निगम के अधीक्षक अभियंता मदन लाल सुखीजा ने कहा कि सुबह सात से पौने 12 बजे तक यह काम किया जाएगा। इस कारण खरक एरिया की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

**बढ़ी परेशानी :** गहरे गड्ढों में गिरकर जखमी हो रहे हैं दो पहिया वाहन चालक

# ट्विन सिटी की ज्यादातर सड़कें निगल गई बरसात

**30 से ज्यादा सड़कों को भारी नुकसान**

*प्रशासन की ओर से अभी तक गड्ढों में तबदील सड़कों की रिपेयर का लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। वाहन चालकों का आरोप है कि बरसात से ज्यादातर सड़कें जर्जर हो गई लेकिन अफसर बेफिक्र हैं। उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ठीक कराएगा।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

इस बार बरसात ट्विन सिटी की ज्यादातर सड़कें लील गई। ये सड़कें टूटकर बिखर चुकी हैं। ज्यादातर सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई। इन सड़कों से गुजरना वाहन चालकों के लिए बेहद मुश्किल हो गया है। खासकर गहरे गड्ढों में गिरकर वाहन चालक जख्मी हो रहे हैं। प्रशासन की ओर से अभी तक इन सड़कों की रिपेयर का लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। वाहन चालकों का आरोप है कि बरसात से ज्यादातर सड़कें जर्जर हो गई लेकिन अफसर बेफिक्र हैं। उन्हें उन वाहन चालकों व राहगीरों के राह में बने गहरे गड्ढों से कोई मतलब नहीं जोकि जान को आफत में डाल रहे हैं। बरसात के बाद पानी से फुल इन गड्ढों से होकर निकलना जान जोखिम में डालने जैसा है। अनजाने में वाहन चालक ऐसे गड्ढों में गिरकर अपाहिज हो रहे हैं। कई जगह तो हालात ऐसे हो गए हैं कि गड्ढों में फंसकर और सड़क पर फैली बजरी से फिसलकर वाहन चालक जख्मी हो रहे हैं।

**कई जगह गड्ढों में तब्दील हुई सड़कें**



अंबाला। राजीव गांधी खेल स्टेडियम को जाने वाली सड़क की हालत का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### सड़क टूटने से पुल तक बन रही है जाम की स्थिति

यहां से तीन दिन में पानी की निकासी हुई है। इस वजह से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क टूटने से पुल तक जाम की स्थिति बन रही है। रात के अंधेरे में यह गड्ढे दिखते नहीं हैं। इसी तरह अग्रसेन चौक पर भी बुरे हालात हैं। इस चौक पर बरसाती पानी की निकासी नहीं है। पानी की निकासी न होने से यहां सड़क बार-बार टूट रही है। इस सड़क पर गड्ढे बनने से वाहनों की गति धीमी हो रही है। यहां भी पुल तक जाम की स्थिति बन जाती है। शहर के सेक्टरों की सड़कें भी टूटी पड़ी हैं। लंबे समय से सड़कों को बनाने का कार्य पूरा नहीं हुआ है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौक से सेक्टर-10 स्टेडियम की तरफ जाने वाली सड़क की हालत ज्यादा खराब है। पिछले पांच सालों में इस सड़क की रिपेयर न होने से सेक्टरवासी बेहद परेशान हैं।

### शहर में इन सड़कों की हालत बेहद खस्ता

अकेले बरसात की वजह से इस बार अंबाला शहर की कई सड़कों को भारी नुकसान हुआ है। इनमें अंबाला-हिसार रोड पर मानव चौक सड़क पूरी तरफ टूट चुकी है। भारी बारिश के कारण यहां गहरे गड्ढे बन गए हैं। इस वजह से वाहन चालक हिचकोले खाकर चल रहे हैं। वाहनों की गति धीमी होने से पुल तक भी जाम की स्थिति बन रही है। इन गड्ढों से रात के समय में निकलना मुश्किल हो गया है। कोर्ट रोड से नए पुल पर जाने वाली सड़क की हालत खस्ता है। यह सड़क कई जगहों से टूट गई है। इसी तरह कोर्ट चौक से नए पुल की तरफ जाने वाली सड़क में भी गड्ढे बन गए हैं।

### सड़क पर बजरी फैली होने से वाहन चालक परेशान

इस सड़क की बजरी फैलकर वाहन चालकों की मुसीबत बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल चौक से लेकर पुलिस लाइन चौक तक भी सड़क कई जगहों से टूट गई है। कई जगहों से तो बीच में से सड़क ही काफी दूर तक बीच में टूट गई है। सड़क पर बजरी फैली होने से वाहन चालकों को गिरने का खतरा बना रहता है। जंडली से अंबाला शहर की तरफ आने वाली मुख्य सड़क पर प्रेम नगर में गहरा गड्ढा बन गया है। जंडली पुल के पास बारिश होने से जलभराव हो गया था।

### विभागों से एस्टीमेट तैयार करने के आदेश दिए गए

ट्विन सिटी में इस बार बरसात की वजह से सड़कों को काफी नुकसान हुआ है। प्रशासन की ओर से करवाए गए सर्वे के मुताबिक 30 से ज्यादा सड़कें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई हैं। संबंधित विभागों को इन सड़कों के निर्माण व रिपेयर के एस्टीमेट तैयार करने के आदेश दिए गए हैं। इसके बाद ही इन पर काम शुरू हो पाएगा। लोगों का कहना है कि बरसात की वजह से टूटी सड़कों की तुरंत रिपेयर होनी चाहिए। जो सड़कें बनने लायक हैं उन पर भी जल्द निर्माण कार्य शुरू होना चाहिए।

**प्रशासन की पहल:** एसडीएम ने बैठक में विभागों को तालमेल कर रिपोर्ट तैयार करने को कहा

# बरसाती पानी से हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

उपमंडल में जलभराव से हुए नुकसान को लेकर एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सभी विभागों को आपस में तालमेल कर बरसाती पानी की निकासी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका, पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने बताया कि जिन भी क्षेत्रों में अभी भी जल भराव है वहां पर उपयुक्त मशीनरी के माध्यम से बरसाती पानी की निकासी का कार्य किया जा रहा है ताकि लोगों को जल भराव की स्थिति से निजात दिलवाई जा सके। एसडीएम ने टूटी सड़कों की मरम्मत व सड़कों के किनारों के बर्म को भरने के लिए पीडब्ल्यूडी व मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर पाइप डालने की जरूरत है पाइप डालकर पानी की निकासी की जाए। उन्होंने दोसड़का मुलाना हाईवे से पानी की निकासी के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। नगर पालिका के अधिकारियों को कॉलोनियों में पानी की निकासी व नालों की सफाई के लिए को प्राथमिकता पर करने को कहा, इसके साथ ही प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैंप लगाने, आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से बरसात के पानी के कारण पशुओं के नुकसान व बीमारियों की रोकथाम के क्या तैयारी की रिपोर्ट मांगी है।

### फार्मेसी में दाखिले की प्रक्रिया शुरू, 16 तक विकल्प भरने का मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अब दो वर्षीय डिप्लोमा फार्मेसी कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। आवेदक 12 से 16 सितंबर तक विकल्प भर सकेंगे। 17 सितंबर को सीट आवंटन का परिणाम जारी होगा। 18 से 21 सितंबर तक मेरिट में नाम आने वाले संस्थानों में जाकर आवेदक दाखिला ले सकेंगे। आवेदकों को उन संस्थान में दाखिला के लिए रिपोर्ट करना होगा, जिन संस्थानों में उनका रैंक आएगा। व्यक्तिगत तौर पर जाकर दस्तावेज भी साथ लेकर जाने होंगे। डिप्लोमा फार्मेसी कोर्स के लिए कल्पना चावला राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 60 सीट हैं। इन 60 सीट पर दाखिले के लिए 120 आवेदन आए हैं। फार्मेसी कोर्स में दाखिले को लेकर काफी रुझान रहता है। प्रदेशभर में फार्मेसी में दाखिले के लिए 5 जून से लेकर 27 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए। 27 अगस्त तक ही फीस जमा करवाई गई। इसके बाद 6 जून से 29 अगस्त तक सत्यापन का कार्य किया गया। वहीं, अब प्रदेश के संस्थानों में फार्मेसी के दाखिले किए जाएंगे। 17 सितंबर को सीट आबंटन का परिणाम जारी होगा। मेरिट के आधार पर आवेदकों को सीट आबंटित किए जाएंगे।

### इंडस्ट्रियल एरिया में सात दिन बाद भी नहीं हो पाई पानी की निकासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के इंडस्ट्रियल एरिया में अभी भी कई जगह पानी जमा है। सात दिन भी बाद भी यहां पानी की निकासी नहीं हो पाई। बीते बुधवार को टांगरी नदी के ओवरफ्लो के बाद आसपास के कई इलाके पानी में डूब गए थे, जबकि इंडस्ट्रियल एरिया समेत कई हिस्से अभी तक पूरी तरह सूख नहीं हो पाए हैं। प्रशासन ने फायर ब्रिगेड की मदद से यहां पानी निकासी की जा रही है। हालांकि इंडस्ट्रियल एरिया में कई जगह अभी भी पानी जमा होने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ लोग जल निकासी में बाधक बने हुए हैं। इससे पानी उतरने की गति धीमी बनी हुई है।

#### हाईवे पर पानी जमा

हाइवे पर पानी जमा होने का कारण उसकी खराब ड्रेनेज व्यवस्था है। हाईवे की इंजीनियरिंग ऐसी है कि पानी सही दिशा में नहीं बह पाता और वहीं एक जगह रुचकर जमा हो जाता है। इंडस्ट्रियल एरिया में पानी न निकल पाने के कारण अब लोग ट्रैक्टर ट्रॉलियों का सहारा लेकर अंदर जाते हैं। इस दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली मालिक आने-जाने वालों से अच्छी खासी रकम वसूल रहे हैं।

# प्राकृतिक खेती के जरिए मिलेंगे रोजगार के बेहतर अवसर

### डीएवी कॉलेज में सॉयल केयर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) में एक व्याख्यान का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं सॉयल केयर सोसायटी के तत्वावधान में करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त विज्ञान के शिक्षक एवं अब जागरूक किसान लाल चंद भारद्वाज रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य डॉ. राकेश भारद्वाज थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि दोनों ही कॉलेज के पूर्व छात्र भी रहे हैं।कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. राकेश भारद्वाज ने पीपीटी के माध्यम से प्राकृतिक खेती के विभिन्न सकारात्मक पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने प्राकृतिक एवं जैविक खेती की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आने वाला भविष्य प्राकृतिक खेती का होगा। इसमें रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।



अंबाला। व्याख्यान के दौरान मौजूद छात्र व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

#### अनुभवों को सांझा किया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल चंद ने प्राकृतिक खेती में किए हुए कार्यों एवं अनुभवों को विद्यार्थियों से सांझा किया। कार्यक्रम में सॉयल केयर सोसायटी के प्रधान डॉ. चांद सिंह ने कहा कि सॉयल केयर सोसायटी का मुख्य उद्देश्य समाज में कृषि भूमि को अधिक से अधिक स्वस्थ बनाने के बारे में जागरूक करना है ताकि समाज व राष्ट्र को रोग मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर सोसायटी के उपप्रधान डॉ. सुभाष शर्मा, वित्त सचिव डॉ. जसमेर सिंह, डॉ. विजेंद्र सिंह और डॉ. नरेंद्र कुमार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस व्याख्यान को सफल बनाने में लाइफ साइंस विभाग की डॉ. प्रियंका चौधरी, प्रो. गरिमा जैन, प्रो. दीक्षा कपूर, डॉ. नीतिका और डॉ. कीर्ति का विशेष योगदान रहा।



अंबाला। वार्डों के नवनियुक्त प्रधानों के साथ विधायक निर्मल सिंह व शहरी अध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

# कांग्रेस ने 17 वार्डों में प्रधान किए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी का विस्तार शुरू कर दिया है। शहरी प्रधान पवन अग्रवाल डिंपी ने 17 नए वार्ड प्रधानों के नामों की घोषणा की है। बुधवार को उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे गए। नवनियुक्त वार्ड प्रधानों से आह्वाहन किया गया कि वे अपने अपने क्षेत्रों में संगठन की मजबूती के लिए तुरंत कार्य शुरू करें। अंबाला शहर के कांग्रेस भवन में संगठन सृजन अभियान को लेकर एक अहम बैठक बुधवार को संपन्न हुई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक निर्मल सिंह पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता ज़िला कांग्रेस कमेटी अंबाला शहरी के प्रधान पवन अग्रवाल डिंपी ने की। इस दौरान पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं की सहमति के साथ कांग्रेस प्रधान डिंपी द्वारा शहर के 17 वार्डों के नए प्रधानों के नामों का ऐलान किया गया और मौके पर ही सभी को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। विधायक एवं जिलाध्यक्ष ने मिलकर सभी नए वार्ड प्रधानों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए बधाई दी और आह्वाहन किया कि वे अभी से अपने अपने क्षेत्रों में पार्टी की मजबूती के लिए काम करें।

#### ये बनाए गए वार्ड प्रधान

शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल डिंपी ने बताया कि वार्ड एक से गुलाब चंद, वार्ड दो से रणबीर सिंह, वार्ड तीन से कमल बच्चल, वार्ड चार से देवेंद्र बक्शी, वार्ड पांच से अमनप्रीत सिंह उप्पल, वार्ड छह से गौरव कुकरेजा, वार्ड सात से विक्रमजीत, वार्ड आठ से अखिल भार्गव, वार्ड नौ से सुरिंदर सिंह, वार्ड नंबर 11 से वरिंदर सिंह, वार्ड 12 से अमित तोमर, वार्ड 13 से हरप्रीत सिंह, वार्ड 14 से प्रदीप कुमार, वार्ड 15 से गुरनाम सिंह गिल, वार्ड 16 से नरेश मेहता, वार्ड 17 से कार्तिक आहूजा, वार्ड 19 से संदीप सिंह को प्रधान पद की जिम्मेदारी दी गई है।

**शाहाबाद पुलिस ने किया था गिरफ्तार**

# 68 लाख का गेहूं डकारने वाला पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

कुंजपुरा स्थित सरकारी गोदाम में 68 लाख रुपए से अधिक के गेहूं गबन मामले ने पूरे खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को हिला दिया है। आरोपित खाद्य निरीक्षक अशोक शर्मा को मंगलवार को कुंजपुरा पुलिस ने शाहाबाद से गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

### रिमांड पर होगी पूछताछ

पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से यह पूछताछ होगी कि इस गबन में कौन-कौन लोग शामिल थे और इतने बड़े घोटाले को किस तरह अंजाम दिया गया। पुलिस का कहना है कि विभागीय मिलीभगत के बिना इतने बड़े पैमाने पर सरकारी अनाज का गबन संभव नहीं है।

#### शिकायत से खुला राज

खुलासा खरखौदा गांव निवासी विकास शर्मा की लिखित शिकायत पर हुआ। शिकायत सीधे डीसी करनाल, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री हरियाणा, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक करनाल और महानिदेशक फूड एंड सप्लाई चंडीगढ़ को भेजी गई थी। शिकायत के बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापेमारी कर गबन का पूरा खेल उजागर किया।

#### रिटायरमेंट से पहले विदेश भागने की तैयारी

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में यह भी आशंका जताई थी कि आरोपी इंस्पेक्टर अशोक शर्मा की रिटायरमेंट कुछ ही महीनों में होने वाली है और वह रिटायरमेंट से पहले विदेश भागने की फिराक में है। ऐसे में अगर समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो सरकार को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ सकता था।

**आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विशेष** | जीएमएन कॉलेज में आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से आत्महत्या के मामले हो सकते हैं कम: डॉ. सिहाग

*सरकार ने आत्महत्या रोकथाम के लिए राष्ट्रीय रणनीति शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अबाला कैंट के जीएमएन कॉलेज में आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मनोविज्ञान विभाग, मेंटल हेल्थ क्लब, मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र और छात्र सेवा केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन और नेतृत्व में में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। दत्त ने बताया कि विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 10 सितंबर को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य आत्महत्या की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाना है। डॉ दत्त ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और समर्थन नेटवर्क बनाना आवश्यक है।

यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या की रोकथाम पर राष्ट्रीय टास्क फोर्स की पहल को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया है। केंद्र सरकार ने आत्महत्या रोकथाम के लिए राष्ट्रीय रणनीति शुरू की है ।



अंबाला। आत्महत्या के खिलाफ छात्रों को जागरूक करतीं डॉ. अनुपमा सिहाग। फोटो : हरिभूमि

#### 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर को 10% तक करना है कम

जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर को 10% तक कम करना है। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग बताया कि छात्रों ने आत्महत्या के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने के लिए रोल प्ले का आयोजन किया है जो आत्महत्या के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करेगा। छात्रों को रोल प्ले के माध्यम से बताया गया कि जरूरत के समय मदद के लिए आगे आने से एक जीवन बचाया जा सकता है। सिहाग ने कहा कि आत्महत्या की समस्या एक गंभीर मुद्दा है और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच, काउंसलिंग और सपोर्ट ग्रुप प्रदान करना आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से आत्महत्या की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाना आवश्यक है। छात्रों को बताया गया कि राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार आत्महत्या के आंकड़ों से पता चलता है कि पारिवारिक समस्याएं, मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति, विवाह और रिश्तों की चिंताएं, शराब और मादक द्रव्यों का सेवन, कर्ज, गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याएं आत्महत्या के लिए जिम्मेदार हैं। आत्महत्या से संबंधित मिथकों, निवारक और सुरक्षात्मक कारकों पर चर्चा की गई। मानसिक स्वास्थ्य क्लब के छात्र अर्शप्रीत, दशमीत, रिद्धि, अवनी, जेसिका, यशिका, तेजवीर, दृष्टि, सृष्टि, सावन, राधिका, हर्ष, अखिल, रीवा और तन्वी ने रोल प्ले का आयोजन किया। अनिल कुमार, प्रयोगशाला सहायक मनोविज्ञान विभाग उपस्थित रहे।